भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 3659
उत्तर देने की तारीख : 20.12.2021

जनजातीय सदस्यों का मनोनयन

3659. श्रीमती हिमाद्री सिंह:

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक, मध्य प्रदेश की कार्यकारी परिषद, वित्त समिति, तथा भवन समिति में जनजातीय वर्ग से मनोनीत सदस्यों का ब्यौरा क्या है;

(ख) विज्ञापन संख्या आईजीएनटीयू/भर्ती प्रकोष्ठ/टी-01/2020 दिनांक 07/09/2020 के जरिए 7 प्रोफेसर, 13 एसोसिएट प्रोफेसर और 40 सहायक प्रोफेसर के पदों पर नियुक्त शिक्षकों का ब्यौरा क्या है और इन पदों के लिए प्राप्त आवेदनों की संख्या कितनी थी;

(ग) अक्तूबर, 2021 तक निर्मित सभी भवनों को विश्वविद्यालय को कब सौंपा गया; और

(घ) उक्त विश्वविद्यालय में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर प्रवेश के लिए आयोजित ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा, 2021 की विश्वसनीयता क्या है और उक्त प्रवेश में पांच महीने की देरी के कारणों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अन्नपूर्णा देवी)

(क) इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय में कार्यकारी परिषद (ईसी), वित्त समिति (एफसी) और भवन समिति (बीसी) में जनजातीय श्रेणी से नामित सदस्यों का विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.सं.	परिषद/समिति का नाम	मनोनीत सदस्य
1	कार्यकारी परिषद	एक
2	वित्त समिति	कोई नहीं
3	भवन समिति	एक

(ख) दिनांक 07.09.2020 के विज्ञापन संख्या आईजीएनटीयू/भर्ती प्रकोष्ठ/टी-01/2020 के लिए नियुक्त शिक्षकों और प्राप्त कुल आवेदनों का विवरण इस प्रकार है:

पद	विज्ञापित	प्राप्त आवेदन	नियुक्त
प्रोफेसर	22	177	04
एसोशिएट प्रोफेसर	41	687	07
असिस्टेंट प्रोफेसर	40	2875	19

(ग) विश्वविद्यालय ने 13 भवनों को अधिगृहीत किया है और 8 भवन सौंपे जाने के लिए तैयार हैं।

(घ) ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा, 2021 में ऑनलाइन प्रोक्टरिंग का नियोजन किया गया जिससे परीक्षा की विश्वसनीयता बढ़ी। कोविड-19 महामारी के आलोक में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशानिर्देशों का अनुसरण करते हुए दाखिला प्रक्रिया पूरी हुई।

******